कार्यालय जनपद न्यायाधीश, बलिया

संख्या 247/2026 दिनॉक : नवम्बर 04 2026

आदेश

दी सिविल बार एसोसिएशन, बलिया एवं क्रिमिनल एण्ड रेवेन्यू बार एसोसिएशन, बलिया द्वारा प्रेषित संयुक्त प्रस्ताव दिनांकित 31.10.2026 के द्वारा भैया दूज/चित्रगुप्त पूजा दिनांक 11.11.2026 को पड़ जाने के कारण भैया दूज/चित्रगुप्त पूजा हेतु पूर्व में घोषित स्थानीय अवकाश दिनांक 10.11.2026 के स्थान पर दिनांक 11.11.2026 (बुधवार) को स्थानीय अवकाश घोषित किये जाने का अनुरोध किया गया है। जिसके सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी के आदेश दिनांकित 03.11.2026 के द्वारा प्रभारी प्रशासन/अपर जनपद न्यायाधीश, कोर्ट सं०–1, बलिया से आख्या आहूत की गयी।

प्रभारी प्रशासन/अपर जनपद न्यायाधीश, कोर्ट सं०–1, बलिया की आख्या दिनांक 04.11.2026 के अनुसार अवकाश के संशोधन का प्रस्ताव अधिवक्ताओं एवं वादकारियों की सुविधा तथा स्थानीय पर्व की तिथि को दृष्टिगत रखते हुए भैया दूज/चित्रगुप्त पूजा हेतु पूर्व में घोषित आदेश संख्या 13/2026, दिनांक 07.01.2026 में आंशिक संशोधन करते हुए भैया दूज/चित्रगुप्त पूजा हेतु स्थानीय अवकाश दिनांक 10.11.2026 (मंगलवार) को निरस्त किए जाने तथा उसके स्थान पर दिनांक 11.11.2026 (बुधवार) को स्थानीय अवकाश घोषित किए जाने हेतु संस्तुति की गयी है। जिसे अधोहस्ताक्षरी द्वारा अनुमोदित किया गया।

प्रभारी प्रशासन/अपर जनपद न्यायाधीश, कोर्ट सं०–1, बलिया द्वारा प्रेषित आख्या दिनांक 04–11–2026 को दृष्टिगत रखते हुये, पूर्व में निर्गत आदेश संख्या 13/2026, दिनांक 07.01.2026 में आंशिक संशोधन करते हुए भैया दूज/चित्रगुप्त पूजा के उपलक्ष्य में दिनांक 10.11.2026 (मंगलवार) को घोषित स्थानीय अवकाश निरस्त किया जाता है तथा इस तिथि को जिला एवं सत्र न्यायालय, बलिया एवं इसके अधीनस्थ वाह्य न्यायालय सिविल जज (जू0डि0), रसड़ा, बलिया एवं समस्त ग्राम न्यायालयों का कार्य पूर्ववत यथावत संचालित रहेगा।

भैया दूज/चित्रगुप्त पूजा के उपलक्ष्य में दिनांक 11.11.2026 (बुधवार) को जिला एवं सत्र न्यायालय, बलिया एवं इसके अधीनस्थ वाह्य न्यायालय सिविल जज (जू0डि0), रसड़ा, बलिया एवं समस्त ग्राम न्यायालयों में स्थानीय अवकाश घोषित किया जाता है।

उपरोक्त घोषित स्थानीय अवकाश से माननीय उच्च न्यायालय तथा बलिया बार के समस्त एसोसिएशन को अवगत कराया जाय।

दैनिक समाचारपत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु जिला सूचना अधिकारी, बलिया को आदेश की प्रति प्रेषित की जावे तथा नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जानें हेतु केन्द्रीय नाजिर एवं जिला एवं सत्र न्यायालय, बलिया की वेबसाईट पर अपलोड किये जाने हेतु सिस्टम आफिसर को आदेश की प्रति प्राप्त करायी जावे।

04/11/2026

(अनिल कुमार झा)
जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
बलिया।